01-02-2020

वरिष्ठ राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने देश के नए विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया और कहा कि वह आतंकवाद के प्रति "भेदभाव रहित तथा स्पष्ट" रुख सुनिश्चित करने सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत के सहयोगियों के साथ काम करेंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक जनक राज को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का सदस्य नियुक्त किया है। एमपीसी नीतिगत दर तय करती हैं।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने प्रदेश में सैलानियों के लिए होमस्टे सुविधा को बढावा देने के लिए मेकमाई ट्रिप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किया।

सरकार के 'थिंक टैंक' नीति आयोग की दिसंबर की आकांक्षी जिलों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश का चंदौली जिला शीर्ष पर रहा है।

प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने भारतीयों के बीच समाचार साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख डॉलर के अनुदान की घोषणा की।

बजट बनाने में सर्वश्रेष्ठ व्यवहार के मामले में असम शीर्ष राज्य रहा है। उसके बाद ओड़िशा और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के एक सर्वे में यह जानकारी दी गई है।

स्काटलैंड के प्रतिष्ठित क्लब रेंजर्स एफसी ने राष्ट्रीय महिला फुटबाल टीम की फारवर्ड बाला देवी के साथ अनुबंध की घोषणा की, ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

रंगकर्मी संजना कपूर को थिएटर के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए फ्रांसीसी सम्मान 'शेवलियर दांस आईऑर्दर दे आर्त्स एत दे लेतर्स' (नाइट ऑफ दी ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स) से सम्मानित किया गया।

02-02-2020

कनाडा की क्रिस्टीन सिंक्लेयर टेक्सास के ब्राउन्सविले में कोनकाकाफ ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में सेंट किट्स एवं नेविस के खिलाफ टीम की 11-0 की जीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय फुटबाल इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनीं।

भारतीय महिला टीम की कप्तान रानी रामपाल विश्व की पहली हाकी खिलाड़ी बन गयी जिन्होंने प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता।

अनुभवी राजनयिक विनय मोहन क्वात्रा को नेपाल में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की।

टेक दिग्गज विप्रो लिमिटेड ने घोषणा की है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अबिदाली जेड नीमचवाला ने पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण पद छोड़ने का फैसला किया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कर और शुल्क छूट योजना आरओएससीटीएल लागू होने के कारण कपड़ा और गद्दे, चादर जैसे सामानों (मेड अप) पर दिये जाने वाले शुल्क प्रोत्साहन को वापस ले लिया है।

भारतीय बास्केटबाल टीम के पूर्व कप्तान पी मैथ्यू सत्य बाबू का निधन हो गया। बाबू 79 वर्ष के थे।

बजाज ऑटो के चेयरमैन राहुल बजाज कार्यकारी भूमिका से हटकर अब गैर-कार्यकारी निदेशक की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, वह 1 अप्रैल, 2020 से चेयरमैन के अपने मौजूदा पर बने रहेंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अनुभवी मीडिया पेशवर अनुराग दहिया को अपना मुख्य व्यावसायिक अधिकारी (सीसीओ) नियुक्त किया।

टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी निदेशक राल्फ स्पेथ के सेवानिवृत्त होने की घोषणा की। वह सितंबर में कंपनी के साथ अनुबंध खत्म होने पर पद से सेवानिवृत्त होंगे।

जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता एवं नारीवादी लेखिका विद्या बाल का निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं।

संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय मूल की गीता सभरवाल को थाईलैंड में 'रेजिडेंट कॉर्डिनेटर' नियुक्त किया है, जिनके पास शांति निर्माण और सामाजिक नीति में दो दशकों का अनुभव है।

जाने-माने शायर अजमल सुलतानपुरी का निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे।

03-02-2020

भारत की सबसे बड़ी रक्षा प्रदर्शनी " डिफे. एक्सपो" 5 से 9 फरवरी के बीच लखनऊ में आयोजित की जाएगी और इसमें चीन, रूस, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित 60 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

पूर्व भारतीय आलराउंडर मदन लाल, आर पी सिंह और सुलक्षणा नाइक को बीसीसीआई की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति में शामिल करने की घोषणा की गयी।

पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहलवान रविंदर कुमार को प्रतिबंधित दवाई के सेवन का दोषी पाया गया है जिसके लिये उन पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रसिद्ध पंजाबी उपन्यासकार दलीप कौर टिवाणा का मोहाली में निधन हो गया। वह 84 साल थीं।

2019-20 के आर्थिक सर्वेक्षण में अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर छह से साढ़े छह प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

ब्रिटेन औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ से अलग हो गया है। यूरोपीय संघ से अलग होने के बावजूद यूरोपीय संघ के अधिकतर कानून 31 दिसम्बर तक ब्रिटेन में लागू रहेंगे।

अनुभवी राजनयिक अजय बिसारिया को कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। यह पद भारत-कनाडा संबंधों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) की वित्तीय साख की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए केयर रेटिंग्स के साथ करार किया है।

अर्जेंटीना और बार्सिलोना के फारवर्ड लियोनेल मेसी स्पेनिश फुटबॉल इतिहास में 500 जीत दर्ज करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत का पहला चॉकलेट संग्रहालय तमिलनाडु के ऊटी में स्थित है और एक स्थानीय परिवार द्वारा संचालित है।

04-02-2020

पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी दीपा मलिक भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की नयी अध्यक्ष चुनी गयी है लेकिन इसके लिए हुए चुनाव के नतीजे दिल्ली उच्च न्यायालय में एक लंबित मामले की सुनवाई के बाद मान्य होंगे।

सरकार ने बजट में सौर सेल और पैनल पर 20 प्रतिशत आयात शुल्क हटाने की घोषणा की। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

केंद्रीय बजट 2020-21 पेश करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि भारत वैश्विक आर्थिक एजेंडा को चलाने के लिए 2022 में जी -20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

सोफिया केनिन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में गरबाइन मुगुरुजा को 4-6, 6-2, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

प्रख्यात पंजाबी लेखक, उपन्यासकार और साहित्य अकादेमी पुरस्कार विजेता जसवंत सिंह कंवल का मोगा जिला स्थित उनके गांव में निधन हो गया। वह 101 वर्ष के थे।

वरिष्ठ राजनयिक गोपाल बागले को श्रीलंका में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।

मालदीव को राष्ट्रमंडल में आधिकारिक रूप से फिर से शामिल कर लिया गया। मालदीव ने करीब तीन वर्ष पहले अपने मानवाधिकार रिकार्ड की आलोचना को लेकर राष्ट्रमंडल से अलग हो गया था।

भारतीय कप्तान विराट कोहली जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बने हुए है जबकि टीम की उपकप्तान अजिंक्य रहाणे नौवें स्थान पर फिसल गये।

अपने केंद्रीय बजट 2020-21 के भाषण के दौरान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यातकों के लिए एक नई योजना 'निर्विक' की घोषणा की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना उड़ान का समर्थन करने के लिए सरकार 2024 तक 100 नए हवाई अड्डों का निर्माण करेगी।

05-02-2020

टेनिस में, सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना रिकॉर्ड 8वां पुरुष एकल खिताब जीता। उन्होंने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनलिस्ट ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम 6-4, 4-6, 2-6, 6-3, 6-4 से हराया।

भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने थाईलैंड के नोनथाबुरी में 25000 डालर इनामी टूर्नामेंट के फाइनल में क्लो पैके को हराकर सत्र का पहला और करियर का 10वां आईटीएफ एकल खिताब जीता।

निजामाबाद से पूर्व सांसद एवं अलग तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन करने वालों में शामिल एम नारायण रेड्डी का निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे।

छठी वरीयता हरमीत देसाई ने 81वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मानव ठक्कर को 4-3 से हराकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब हासिल किया।

अनिर्वान दासगुप्ता ने 1 फरवरी, 2020 को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निदेशक परियोजना और व्यापार योजना के रूप में कार्यभार संभाला है।

गोवा में आयोजित होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेलों के लिए बुलबुल 'रूबिगुला' को शुभंकर बनाया गया है जो यहां का राज्य पक्षी है।

प्रतिष्ठित उड़िया कवि रवि सिंह का निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान को मध्य प्रदेश सरकार के राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2018 से अलंकृत किया गया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सात मेडेन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज बने।

वीवर्क ने रियल एस्टेट के दिग्गज संदीप मथरानी को अपना नया मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है।

06-02-2020

केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध जल मुहैया करने और बिजली पैदा करने के लिए करीब 6,000 करोड़ रुपये के बहुद्देश्यीय परियोजना को मंजूरी दी है।

युवा ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिननुंगा ने क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ 72वीं पुरुष और 35वीं महिला सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुष 67 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया।

डेन मोस्ली के शतक और लुईस गोल्ड्सवर्थी के पांच विकेट से इंग्लैंड ने श्रीलंका को 152 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप प्लेट ट्राफी जीत ली।

अमिताभ भट्ट ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बैंगलोर कॉम्प्लेक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाला है।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित पांच दावेदार 2000 से 2020 तक के सर्वश्रेष्ठ लारेस खेल लम्हे के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं।

पहलवान विनेश फोगाट, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, मुक्केबाज एमसी मेरीकाम, धावक दुती चंद और पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी पहली बार दिए जा रहे 'बीबीसी साल की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी' पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं।

स्वीडन के दो सांसदों ने अपने देश की किशोरी जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गये।

07-02-2020

केन्या के पूर्व राष्ट्रपति डेनियल अराप मोई का निधन हो गया। पूर्व में स्कूल शिक्षक रहे मोई केन्या में सबसे लंबे समय तक राष्ट्रपति रहे और बेलगाम भ्रष्टाचार के कारण उत्पन्न हुए आर्थिक संकट एवं देश में कई वर्षों तक रहे दमन के माहौल में वह सत्ता के शीर्ष पर रहे। वह 95 वर्ष के थे।

भारत और नॉर्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शोध और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चार सहमति पत्रों पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए।

पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 49 किग्रा वर्ग में 203 किग्रा वजन उठाकर अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

प्रमोद कुमार सिंह को पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) का पूर्णकालिक सदस्य (विधि) नियुक्त किया गया है।

युवा स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राइफल और पिस्टल स्पर्धा के राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में महिला 25 मीटर पिस्टल और जूनियर 25 मीटर पिस्टल टी2 ट्रायल में स्वर्ण पदक जीते।

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक बयान में कहा, बैंक जमाओं पर बीमा कवर 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है।

महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर उत्तराखण्ड पुलिस ने एक और पुख्ता कदम उठाते हुए महिला व्हाटसएप हेल्पलाइन सेवा शुरू की है।

श्रीलंका ने अपने स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय गान के तमिल संस्करण के प्रस्तुतीकरण को हटा दिया है। साल 2016 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है।

असम में कांग्रेस विधायक तथा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रणब गोगोई का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

08-02-2020

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने रूस से कच्चे तेल के आयात के लिये पहले निश्चित अवधि के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। ऊर्जा खपत के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश भारत पश्चिम एशिया में तनाव को देखते हुए कच्चे तेल के आपूर्ति स्रोत को विविध रूप देना चाहता है।

केंद्रीय कैबिनेट ने पांच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईआईटी) को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (आईएनआई) का दर्जा देने को अपनी मंजूरी दे दी।

भारतीय भारोत्तोलक राखी हलधर ने 72वीं पुरुष और 35वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 64 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) सैद्धांतिक रूप से 2022 राष्ट्रीय खेलों का आयोजन बंगाल में कराने पर राजी हो गया।

डिफेंस एक्सपो–2020 के दौरान हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और इस्राइल के एल्बिट सिस्टम्स इस्तार डिवीजन के बीच एमओयू पर दस्तखत हुए। यह एमओयू यूएवी को संयुक्त रूप से विकसित करने की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए किया गया है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अपना ब्रांड दूत बनाने की घोषणा की।

हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता किर्क डगलस का 103 साल की उम्र में निधन हो गया।

पेटीएम ने एक ऑल-इन-वन एंड्रॉयड पीओएस (बिक्री का बिंदु) डिवाइस लॉन्च किया है जो छोटे व्यापारियों को सभी यूपीआई आधारित ऐप, डेबिट और क्रेडिट कार्ड और नकदी के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने की अनुमति देगा।

09-02-2020

पिछले साल ऋषिकेश में आवागमन के लिए बंद कर दिये गये लक्ष्मणझूला पुल के विकल्प के रूप में गंगा पर बनने वाले देश में अपनी तरह के पहले कांच के फर्श वाले सस्पेंशन पुल के डिजाइन को उत्तराखंड सरकार ने मंजूरी दे दी है।

रूस और भारत की रक्षा कंपनियों के बीच अस्त्र तथा सैन्य प्रणालियों के कलपुर्जे बनाने के लिए 14 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

दूरसंचार कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने उसके उपभोक्ता मोबाइल कारोबार के भारती एयरटेल के साथ विलय को मंजूरी दे दी है।

राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता प्रदीप सिंह ने स्नैच स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुष 102 किग्रा वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया।

ब्रिटेन ने फिलिप बार्टन को भारत में अपना उच्चायुक्त नियुक्त किया है। बार्टन डोमिनिक एस्किथ का स्थान लेंगे।

उड़िया और अंग्रेजी भाषा के जानेमाने लेखक मनोज दास को प्रतिष्ठित 'मिस्टिक कलिंगा लिटरेरी अवार्ड' (भारतीय एवं वैश्विक भाषा) से सम्मानित किया जाएगा। 'मिस्टिक कलिंगा फेस्टिवल (एमकेएफ) के आयोजकों ने यह घोषणा की।

एचएएल ने डोर्नियर-228 सिविल विमान के 5700 किलो 'ऑल अप वेट (एयूडब्ल्यू)' वजन के लिए नागर विमानन महानिदेशालय से 'मॉडिफिकेशन डॉक्यूमेंट' हासिल किये।

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड - बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय जगमोहन डालमिया के बेटे अविशेक निर्विरोध चुने गये बंगाल क्रिकेट संघ के सबसे युवा अध्यक्ष बन गये हैं।

10-02-2020

वैश्विक एयरोस्पेस और प्रौद्योगिकी कंपनी पैरामाउंट ग्रुप और अग्रणी भारतीय औद्योगिक समूह भारत फोर्ज (बीएफएल) ने औद्योगिकीकरण, रक्षा और एयरोस्पेस सिस्टम के स्वदेशीकरण में प्रौद्योगिकियों, क्षमताओं और विशेषज्ञता में शामिल होने के लिए एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक, उच्च-स्तरीय सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील राजीव रंजन को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) ने व्हाट्सएप को अपनी यूपीआई- आधारित भुगतान सेवा व्हाट्सएप पे को चरणबद्ध तरीके से लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है।

बजट विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने शिल्पा भाटिया को अपना नया मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी नियुक्त किया है।

केरल 1 नवंबर, 2020 से राज्य भर में कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप (सीएफएल) और फिलामेंट लाइट बल्ब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगा, वित्त मंत्री थॉमस आइज़ैक ने घोषणा की।

आरबीआई जुलाई से एक स्कोरिंग प्रणाली शुरू करेगा, जिसे डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स (डीपीआई) कहा जाता है, जो कि प्रमुख ऑपरेटिंग मापदंडों पर डिजिटल भुगतान उद्योग के प्रदर्शन का आश्वासन देता है।

राज्य के स्वामित्व वाली भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और सॉफ्टवेयर प्रदाता, टेक महिंद्रा ने एयरोस्पेस और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए डिजिटल समाधानों के डिजाइन और निर्माण के लिए एक साझेदारी की घोषणा की।

11-02-2020

अमेरिका में इवी लीग स्कूलों में दाखिले में कथित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाली भारतीय मूल की अमेरिकी महिला मंगा अनंतमूला ने घोषणा की है कि वह प्रतिनिधि सभा के चुनाव में उतरेगी क्योंकि वह अमेरिका में खासकर हिंदुओं के लिए 'शोर नहीं बल्कि आवाज' बनना चाहती है।

भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद को देश में खेल के विकास के लिये अपनी भूमिका के लिये 2019 अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कोच लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के पुरूष वर्ग में 'आनरेबल मेंशन' से नवाजा गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठतम प्रचारकों में से एक और पूर्ववर्ती भारतीय जन संघ के नेता रहे पी. परमेश्वरन का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने अपनी जोड़ीदार बिबियाने स्कूफ्स के साथ मिलकर 25,000 डालर पुरस्कार राशि के आईटीएफ महिला युगल स्पर्धा के फाइनल में जीत हासिल की।

सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टी20 बिग बैश लीग के फाइनल में मेलबर्न स्टार्स को 19 रन से हराकर दूसरी बार खिताब अपने नाम किया।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने समुद्री उत्पादों के एंटीबायोटिक-मुक्त होने की प्रमाणन सुविधा 'शाफरी' शुरू कर दी है, इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पोस्ट लार्वा झींगा (पीएल) के उत्पादन में मदद मिलेगी।

होमग्रो फार्मा फर्म सिप्ला ने वानबरी लिमिटेड से पोषण उत्पादों के पोर्टफोलियो के अधिग्रहण की घोषणा की। कंपनी ने महिला स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए 4 ब्रांड जैसे सी-पिंक, सी-डेंस, प्रोडक्टिव और फालिनाइन का अधिग्रहण किया है।

आस्ट्रेलिया को आईसीसी महिला चैम्पियनशिप ट्राफी प्रदान की गई जो 2017 से 2020 के बीच आठ टीमों की वनडे चैम्पियनशिप में विजयी बढत लेकर उसने बरकरार रखी थी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने पूर्वी गोदावरी जिले में राजमहेंद्रवरम शहर में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए पहले 'दिशा पुलिस स्टेशन' का उद्घाटन किया।

केंद्र सरकार ने लाइसेंसिंग फाइनेंस असेसमेंट (एलएफए), दूरसंचार विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल महमूद अहमद को एमटीएनएल, मंत्रालय के अधीन पीएसयू के बोर्ड में बतौर नॉमिनी डायरेक्टर नियुक्त किया है।

12-02-2020

92वें एकेडमी अवॉड्र्स में सनसनीखेज वर्गीय व्यंग्य 'पैरासाइट' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का ऑस्कर जीत डायरेक्टर बॉन्ग जून हो ने पहले एशियाई और दक्षिण कोरियाई फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रचा।

बांग्लादेश ने डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर भारत को तीन विकेट से हराकर पहली बार आई.सी.सी. अंडर-19 विश्व कप जीत लिया।

हरियाणा ने एकतरफा मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण को 6-0 से हराकर 10वीं हाकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2020 (ए डिविजन) का खिताब जीत लिया।

जाने-माने हिंदी साहित्यकार और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गिरिराज किशोर का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के नये क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया।

एचडीएफसी बैंक ने अंजनि राठौड़ को मुख्य डिजिटल अधिकारी (सीडीओ) नियुक्त किया है।

बेंगलुरु रैप्टर्स लगातार दो पीबीएल खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है।

निजी जीवन बीमा कंपनी एचडीएफसी लाइफ ने अपना नवीनतम ब्रांड अभियान - बाउंसबैक टू सक्सेस लॉन्च किया।

लॉरा डर्न ने 92वें एकेडमी अवॉड्र्स में फिल्म 'मैरिज स्टोरी' में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का ऑस्कर जीता।

13-02-2020

अमेरिका ने 1.867 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत के लिए भारत को एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली बेचने को मंजूरी दे दी है, इससे भारत को अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के साथ ही वर्तमान वायु रक्षा ढांचे को विस्तारित करने में मदद मिलेगी।

ईवाई, वैश्विक पेशेवर सेवा संगठन अपने 21वें एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर - इंडिया (ईवाई)अवार्ड में गोदरेज समूह के अध्यक्ष आदि गोदरेज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करेगा।

न्यायमूर्ति संजीब कुमार पाणिग्रही ने ओडिशा उच्च न्यायालय के नये न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

भारतीय पुरुष टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) ने 2019 का साल का उभरता हुआ हाकी खिलाड़ी चुना।

1952 में भारत का दौरा करने वाले पाकिस्तान के पहले टेस्ट पक्ष के अंतिम जीवित सदस्य वकार हसन का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने फोर्ड मोटर कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी में महिंद्रा एंड महिंद्रा के बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी। इससे देश में दोनों कंपनियों का संयुक्त उद्यम बनाने का रास्ता साफ होगा।

भारत और ब्रिटेन की सेनाएं 13 फरवरी से 26 फरवरी के बीच सैलिसबेरी प्लेंस में संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगी। इस दौरान मुख्य रूप से शहरी और अर्ध शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी कार्रवाई का अभ्यास किया जाएगा।

आंध्र प्रदेश सरकार ने देश में 11 प्रमुख कृषि संस्थानों के साथ एक विशेष ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसका उद्देश्य प्रदेश के किसानों के लिये प्रौद्योगिकी और ज्ञान हस्तांतरण के माध्यम से इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

14-02-2020

फेसबुक ने ' वी थिंक डिजिटल ' कार्यक्रम शुरू किया इसके तहत , सोशल मीडिया कंपनी उत्तर प्रदेश , पश्चिम बंगाल और बिहार सहित सात राज्यों में एक लाख महिलाओं को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के लिए प्रशिक्षित करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर लालरेम्सियामी को 2019 की एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान महिला खिलाड़ी चुना गया।

टाटा ग्लोबल बेवरेजेज लिमिटेड का नाम बदलकर 113 बिलियन डॉलर के टाटा समूह की एफएमसीजी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाने के लिए टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का नाम दिया गया है।

दुनिया का प्रसिद्ध स्की स्थल जम्मू कश्मीर का गुलमर्ग खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत 7 मार्च से शुरू होने वाले पांच दिवसीय राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी करेगा।

संजीव राजदान को पवन हंस लि. (पीएचएल) का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

इतालवी सुपरबाइक निर्माता कंपनी डुकाटी ने विपुल चंद्र को अपने भारतीय परिचालन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

पाकिस्तान के बाबर आज़म सभी प्रारूपों में आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल होने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए।

मार्टिन गुप्टिल ने एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में शीर्ष स्कोरर बनने के लिए पूर्व खिलाड़ी नाथन एस्टल को पीछे छोड़ दिया।

15-02-2020

अजिंक्य जाधव की हैट्रिक से भारतीय नौसेना ने फाइनल में दक्षिण मध्य रेलवे को 4-1 से हराकर पहली बार अखिल भारतीय बांबे गोल्ड कप हाकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।

मंत्रिमंडल ने प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक को मंजूरी दे दी, यह 1963 के कानून का स्थान लेगा जो देश के 12 बड़े बंदरगाहों का संचालन करता है।

सब्जी, दालें और मांस, मछली जैसे खाने-पीने के सामान महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 7.59 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह इसका साढ़े पांच साल का उच्चस्तर है।

जानेमाने फैशन डिजाइनर वेंडेल रॉड्रिक्स का गोवा के कोलवले गांव में निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल विपिन रावत नीत सैन्य मामलों के विभाग में थलसेना, नौसेना और वायुसेना से तीन संयुक्त सचिव नियुक्त किए जाएंगे।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने अतुल कुमार गुप्ता को अपना नया अध्यक्ष चुना है।

अजय पटेल को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया जबकि निवर्तमान सचिव भरत सिंह चौहान पद पर दोबारा चुने गए।

पश्चिमी नेपाल के एक दूरदराज क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भारतीय सहायता से बने एक नये शिक्षण संस्थान का उद्घाटन हुआ।

टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने 1 अप्रैल, 2020 से श्रीनाथ नरसिम्हन को ट्रस्ट्स का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का संगठन नासकॉम ने चालू वित्त वर्ष में क्षेत्र की कंपनियों की आय 7.7 प्रतिशत बढ़कर 191 अरब डॉलर रहने का अनुमान जताया है।

16-02-2020

राष्ट्रीय पुरुष हाकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह गुरुवार को अंतराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) का साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बने जिससे उनके लिए 2019 सत्र यादगार रहा जहां उनकी अगुआई में टीम ने ओलंपिक में भी जगह बनाई।

पर्यावरणविद आर के पचौरी, टेरी के पूर्व प्रमुख जिनके नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी पैनल ने जलवायु परिवर्तन पर 2007 में नोबेल शांति पुरस्कार जीता था, का निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी देवाशीष पांडा को नया वित्त सेवा सचिव नियुक्त किया गया।

वरिष्ठ नौकरशाह राजीव बंसल को एयर इंडिया का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी)नियुक्त किया गया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भारतीय मूल के राजनेता ऋषि सुनक को नया वित्तमंत्री बनाया।

दुनियाभर में फैले भारतीय समुदाय से सम्पर्क के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र 'प्रवासी भारतीय केंद्र' का नामकरण 'सुषमा स्वराज भवन' करने का निर्णय लिया गया है।

विदेश सेवा संस्थान, एक प्रसिद्ध संस्थान जहां राजनयिकों को प्रशिक्षित किया जाता है, का नाम बदलकर सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस कर दिया गया है।

बिजली के दोपहिया बनाने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक ने पीयूष प्रसाद को अपना राष्ट्रीय कारोबार प्रमुख नियुक्त किया है।

17-02-2020

थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 3.1 प्रतिशत हो गई है, जो इससे पिछले महीने में 2.59 प्रतिशत थी। प्याज और आलू जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते यह इजाफा हुआ है।

लखीमपुर तहसील 'आईएसओ 14001' प्रमाण पत्र पाने वाली उत्तर प्रदेश की पहली तहसील बन गई है।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई और पुणे के बीच पहली इंटर-सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया।

वाडिया समूह द्वारा प्रवर्तित गो-एयर ने विनय दूबे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।

भारत और पुर्तगाल ने समुद्री, बौद्धिक संपदा अधिकार, हवाई क्षेत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान क्षेत्र में 14 समझौते और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

गोकुलम एफसी ने हीरो इंडियन वुमेन लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में कांगचुप रोड यंग फिजिकल एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन (केआरवाईपीएचएसए) एफसी को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

अडाणी समूह ने अहमदाबाद, मंगलूरु और लखनऊ हवाईअड्डों के प्रबंधन, परिचालन और विकास के लिये भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ समझौता किया है।

भारतीय स्टार महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना शुक्रवार को बल्लेबाजों की ताजा जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गयीं जबकि जेमिमा रोड्रिग्स सातवें नंबर पर खिसक गयीं।

18-02-2020

भारत की महिला रेस वॉकर भावना जाट ने नेशनल रेस वॉक चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने के बाद 20 किमी रेसवॉक इवेंट में टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए कोटा पक्का कर लिया है।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 12 सौ करोड़ रुपये से अधिक राशि की परियोजनाओं की शुरुआत की।

मशहूर बॉलीवुड फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी को 65वें ऐमजॉन फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2020 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति चिन्मय पांड्या को योग विशेषज्ञ नामित किया है।

देश के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और सौरव घोषाल ने आईएसए कोर्ट में 77वीं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में क्रमश: 18वां और 13वां खिताब अपने नाम किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने अपनी बैठक में, केंद्रीय बैंक के वित्तीय वर्ष को अप्रैल-मार्च में बदलने का फैसला किया, इसे सरकार के साथ संरेखित किया।

आयकर विभाग ने कहा है कि यदि 31 मार्च, 2020 तक आधार के साथ लिंक नहीं किया गया तो स्थायी खाता संख्या (पैन) निष्क्रिय हो जाएगी।

भारतीय रेलवे रामायण विषय पर आधारित एक नई ट्रेन का संचालन करेगी जो तीर्थ यात्रियों को भगवान राम से जुडे स्थानों पर ले जाएगी।

19-02-2020

केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने दुबई में आयोजित 'गल्फफूड 2020' में 'इंडिया पैवेलियन' का उद्घाटन किया और भारत में कारोबारी अवसरों की संभावनाओं पर खाद्य कंपनियों के साथ चर्चा की।

आदमपुर वायुसेना स्टेशन में वर्तमान में तैनात भारतीय वायुसेना की 47वीं स्क्वाड्रन ने राष्ट्र की गौरवशाली सेवा के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में भारतीय जनसंघ के पूर्व नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 63-फीट-ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

भारत और नार्वे ने सतत विकास वाली समुद्री अर्थव्यवस्था पर संयुक्त कार्य समूहों का गठन किया है।

आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ ने 162000 डालर इनामी टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के बेंजामिन बोंजी को सीधे सेटों में हराकर बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

दिग्गज फिल्म और थिएटर अभिनेत्री लिन कोहेन का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने विश्व एथलेटिक्स ग्लासगो इंडोर ग्रैंड प्रिक्स में 6.18 मीटर का नया पोल वॉल्ट वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

भारत और बांग्लादेश की सेनाओं ने मेघालय के उमरोई में 03 फरवरी से 16 फरवरी, 2020 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति-IX में भाग लिया।

20-02-2020

भारत सरकार और विश्व बैंक ने 450 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसका मुख्य उद्देश्य देश में भूजल के घटते स्तर को रोकना और भूजल से जुडे संस्थानों को मजबूत बनाना है।

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने दमन में आयोजित समारोह में दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास / उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गांधीनगर में वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वें सीओपी सम्मेलन का उद्घाटन किया।

प्रवासी प्रजातियों पर संयुक्त राष्ट्र समझौते के पक्षकारों के 13वें सम्मेलन (सीएमएस-सीओपी 13) की मेजबानी कर रहे भारत ने आधिकारिक रूप से इस संस्था की अध्यक्षता का प्रभार अगले तीन सालों के लिये संभाल लिया।

मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने 2020 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी की जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर खिसक गए लेकिन केएल राहुल और रोहित शर्मा क्रमश: दूसरे और 11वें स्थान पर बकरार हैं।

अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) ने घोषणा की कि भारत अगले साल होने वाले जूनियर पुरुष विश्व कप का मेजबान होगा।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने बराकाह परमाणु ऊर्जा केंद्र में एक संयंत्र के लिए लाइसेंस जारी किया है। यूएई ने इसे ऐतिहासिक क्षण भी करार दिया।

भारत ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित 2020 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पांच रजत और छह कांस्य पदक जीते।

2016 के स्पोर्ट्स ड्रामा 'क्वीन ऑफ काटवे' में अभिनय करने वाली निकिता पर्ल वलिग्वा का निधन हो गया है। वह 15 साल की थी।

विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरू हम्पी ने एक अन्य भारतीय खिलाड़ी द्रोणावल्ली हरिका को केर्न्स कप शतरंज के नौवें और आखिरी दौर में ड्रा पर रोक कर अपना खिताब हासिल किया।

21-02-2020

बड़े उद्योगपति संजीव गुप्ता की अगुवाई वाली जीएफजी एलायंस ने आधुनिक मेटालिक्स और उसकी इकाई जिओन स्टील का करीब 425 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की। इसके साथ कंपनी भारत के इस्पात बाजार में प्रवेश कर गयी है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 70वें बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय मंडप का उद्घाटन किया। यह महोत्सव 20 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक आयोजित किया जाएगा

15 वें वित्त आयोग ने आईटीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी को कृषि निर्यात पर आठ सदस्यीय पैनल का प्रमुख नियुक्त किया है।

अशरफ गनी ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल हासिल कर लिया है।

पाकिस्तान ने 600 किलोमीटर की दूरी तक हमला करने की क्षमता वाली परमाणु शक्ति संपन्न क्रूज मिसाइल 'राड-2' का सफल प्रक्षेपण परीक्षण किया जिसे भूमि और समुद्र में हमलों को नाकाम करने की सेना की क्षमता बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

रोलां गैरां जूनियर वाइल्ड कार्ड सीरीज के छठे सत्र का आयोजन दिल्ली लान टेनिस संघ (डीएलटीए) के क्लेकोर्ट पर 24 से 26 फरवरी तक होगा जिसके लिए चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता मैरी पियर्स को ब्रांड दूत बनाया गया है।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का फाइनल 21 नवंबर को नवी मुंबई में होगा।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) को एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) की 'ग्रासरूट चार्टर ब्रांज लेवल' सदस्यता मिली है जिससे यह राष्ट्रीय महासंघ अपनी आधारभूत प्रतियोगिताओं को एएफसी से मान्यता प्राप्त के रूप में बढ़ावा दे सकता है।

जर्मनी के 19 वर्षीय फॉर्मूला थ्री ड्राइवर सोफिया फ्लोर्श ने लॉरियस स्पोर्टिंग अवाड्र्स 2020 में कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड जीता।

भारतीय अरबपति बीआर शेट्टी ने यूएई के सबसे बड़े अस्पताल संचालक एनएमसी हेल्थ के सह-अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे दिया, जिसे उन्होंने 1975 में स्थापित किया था।

22-02-2020

सरकार ने सेबी और ब्रिटेन के ब्रिटेन की फाइनेंशियल कंडक्ट अथॉरिटी के बीच नये वैकल्पिक निवेश फंड प्रबंधक नियम (एआईएफएमडी) समझौते को मंजूरी दे दी। ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद यह कदम उठाया गया है।

महंत नृत्य गोपाल दास राममंदिर न्यास के अध्यक्ष चुने गए; नृपेन्द्र मिश्रा मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख होंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में महिलाओं के कल्याण के लिए सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी विनियमन विधेयक को मंजूरी दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22 वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी दी गयी है जो जटिल कानूनी मसलों पर सरकार को सलाह देगा।

ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने एक नई अंक आधारित वीजा प्रणाली पेश की, जिसका मकसद भारत सहित दुनिया भर से बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करना और कम कुशल कर्मचारियों के प्रवेश को सीमित करना है।

एफसी गोवा भारतीय फुटबाल में नया इतिहास रचा जब वह इंडियन सुपर लीग मैच में जमशेदपुर एफसी को 5-0 से करारी शिकस्त देकर एएफसी चैंपियन्स लीग के ग्रुप चरण के लिये क्वालीफाई करने वाला पहला भारतीय क्लब बना।

ओलंपिक रजत पदक विजेता पी वी सिंधू के नाम पर चेन्नई में एक अत्याधुनिक बैडमिंटन अकादमी और स्टेडियम तैयार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में दस हजार नये किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना का फैसला किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के 1.5 लाख अवसर उपलब्ध होंगे।

प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेत्री किशोरी बल्लाल का 82 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में निधन हो गया।

23-02-2020

संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक रिपोर्ट आई है जिसके मुताबिक संवहनीयता सूचकांक (सस्टेनेबिलीटी इंडेक्स) के मामले में भारत 77वें स्थान पर है और बच्चों की उत्तर जीविता, पालन-पोषण तथा खुशहाली से संबंधित सूचकांक (फ्लोरिशिंग इंडेक्स) में उसका स्थान 131वां है।

राष्ट्रपति के सचिव संजय कोठारी अगले मुख्य सतर्कता आयुक्त होंगे। उनका चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने किया है।

विश्व चैम्पियन बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने लगातार तीसरी बार ईएसपीएन की 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता जबकि युवा निशानेबाज सौरभ चौधरी पुरूष वर्ग में चुने गए।

टाटा संस की अनुषंगी टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने रितेश सचदेव को वाणिज्यिक पट्टा व संपत्ति प्रबंधन का प्रमुख एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।

विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (बर्लिनले) 2020 में भारतीय मंडप का उद्घाटन किया।

भारत के प्रतिष्ठित जीन्सवेयर ब्रांड फ्लाइंग मशीन ने कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

भारत 2022 एएफसी महिला एशिया कप की मेजबानी करेगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उमर अकमल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, बल्लेबाज के खिलाफ भ्रष्टाचार विरोधी जांच लंबित थी।

24-02-2020

साख निर्धारण एजेंसी फिच रेटिंग्स ने भारती एयरटेल को नकारात्मक निगरानी सूची से हटा दिया और स्थिर परिदृश्य के साथ उसकी 'बीबीबी-' रेटिंग को बरकरार रखा है।

एक्सिस बैंक ने मैक्स लाइफ के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी करने की संभावना का पता लगाने के लिए एक गोपनीय और विशिष्ट समझौता किया है।

भारतीय पहलवान सरिता मोर ने एशियाई चैंपियनशिप के महिला 59 किग्रा फाइनल में मंगोलिया की बातसेतसेग को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

भारत की पहलवान पिंकी ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 55 किग्रा फाइनल में मंगोलिया की डुलगुन बोलोरमा को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (आरएसडीसीएल) और एनटीपीसी ने राजस्थान के जैसलमेर जिले के नोख में 925 मेगावाट क्षमता के सौर पार्क को विकसित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक योगेश गौबा ने स्वास्थ्य कारणों के चलते तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है।

ग्रेट ब्रिटेन की पूर्वी महिला हाकी कप्तान एलेक्स डेनसन-बेनेट ने संन्यास लेने की घोषणा की।

भारतीय फ्रीलांस संवाददाता अहमर खान को एजेंसी फ्रांस-प्रेस (एएफपी) के केट वेब पुरस्कार 2019 का विजेता घोषित किया गया।

25-02-2020

रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने 65 किलोग्राम वर्ग में रजत और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट ने 53 किलोग्राम में नई दिल्ली में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता।

अनुभवी भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली छावनी में सेना के नये मुख्यालय के निर्माण के लिए आधारशिला रखी।

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवाड्र्स में 'सुपर 30' में अपने अभिनय के लिए ऋतिक रोशन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता।

दूरसंचार विभाग ने देश की सबसे बड़ी मोबाइल टावर कंपनी इंडस टावर्स का भारती इंफ्राटेल के साथ विलय की मंजूरी दे दी।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने जीएमआर समूह के हवाईअड्डा कारोबार में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी फ्रांस की एडीपी समूह को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

तीन बार की लोकसभा सदस्य और प्रसिद्ध शिक्षाविद कृष्णा बोस का निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं।

ब्राजील के फुटबॉल परिसंघ (CBF) ने 1970 के दशक में टीम के तीसरे विश्व कप जीत की 50 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अपने मुख्यालय में फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी पेले की एक प्रतिमा का अनावरण किया।

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर टी20अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक लेने वाले पहले बाएं हाथ के गेंदबाज बन गए हैं।

रूस इस साल के अंत में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ टीम विश्व कप के नए प्रारूप की मेजबानी करेगा।

26-02-2020

न्यूज़ीलैंड के सबसे लंबे क्रिकेटर काइल जैमीसन ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए अपनी पहली टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया है।

पाकिस्तान सरकार वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी को देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी में भूमिका निभाने के लिए मानद नागरिकता से सम्मानित करेगी।

भारत के पूर्व फुटबालर अशोक चटर्जी का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।

राजलक्ष्मी सिंह देव और एम वी श्रीराम को पांच साल के लिये भारतीय नौकायन महासंघ का क्रमश: अध्यक्ष और महासचिव चुना गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में पहले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों का शुभारंभ किया।

भारत के रवि दहिया ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किग्रा पुरूष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

खगोलविदों ने पहली बार मिल्की वे के बाहर एक आकाशगंगा में आणविक ऑक्सीजन की पहचान की है।

डिडिएर कासिमिरो ने भारतीय रिफाइनर नायरा एनर्जी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया, जो कि रूसी राज्य तेल प्रमुख रोजनेफ्ट के स्वामित्व में था।

नवगठित केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर ने निवेशक रोडशो में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये।

27-02-2020

भारत के 13 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने फ्रांस के कान्स में अंतिम दौर में मेजबान देश के हरुत्युन बार्गसेघयान को हराकर 7.5 अंक के साथ 34वें कान्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

सूडान के राष्ट्रपति ने रक्षा मंत्री अवद इब्ने औफ को देश का पहला उपराष्ट्रपति नियुक्त किया है।

गुरूनानक विश्वविद्यालय अमृतसर की ज्योतिका दत्ता ने पहले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की तलवारबाजी की इप्पी में स्वर्ण पदक जीता।

लॉटरी पर एक मार्च से 28 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा।

अमेरिका ने चीन को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार होने का तमगा हासिल कर लिया है।

लीवा मिस दीवा यूनीवर्स 2020 प्रतियोगिता में एडलिन कैस्टेलिनो विजेता रहीं।

सर्बिया के ओगजेन स्टोयानोविच और चिली की बारबरा रिवेरोस ने एनटीटी एएसटीसी ट्रायथलन एशिया कप में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया।

भारतीय गोल्फर हनी बैसोया ने पांच दौर के 2020 एशियाई टूर क्वालीफाइंग स्कूल में संयुक्त 23वें स्थान पर रहकर एशियाई टूर कार्ड हासिल किया।

भारतीय पहलवान जितेंदर कुमार एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के 74 किग्रा वर्ग के फाइनल में कजाखस्तान के गत चैम्पियन दानियार कैसानोव से हार गये जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

अंसल यादव ने अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल जबकि सातवीं वरीय इरा शर्मा ने महिला एकल का खिताब जीत लिया।

28-02-2020

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने नाम पर बनाई गई एक और योजना 'जगन्ना वासथी दीवेना' की शुरुआत की जिसके तहत माध्यमिक शिक्षा के बाद विभिन्न पाठ्यक्रम के दौरान छात्रों को छात्रावास और भोजनालय खर्च के लिए 2300 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देने का प्रावधान है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीआईएसएफ को इस साल गणतंत्र दिवस परेड पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और अन्य सहायक दस्तों में सर्वश्रेष्ठ मार्च करने वाली टुकड़ी की ट्रॉफी प्रदान की।

गोवा के उभरते हुए स्क्वाश खिलाड़ी यश फाडते ने प्रतिष्ठित फ्रेंच जूनियर ओपन का खिताब जीत लिया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को पिरामल इंटरप्राइजेज ने पॉलीक्रॉल का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। पॉलीक्रॉल कंपनी की 'गैस-नाशक दवा' है।

भारत राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी जनवरी 2022 में चंडीगढ़ में करेगा और बर्मिंघम में होने वाले खेलों में इसके पदकों को 'प्रतिस्पर्धी देशों की रैंकिंग' के लिए जारी होने वाली अंतिम तालिका में शामिल किया जायेगा।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने अमेरिका की जेन3 इन्फोसोल्यूशंस में शत प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण के लिये समझौता किया है। यह सौदा 6.4 करोड़ डॉलर (460 करोड़ रुपये) का है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ओमान के क्रिकेटर युसुफ अब्दुलरहीम अल बालुशी पर मैच फिक्स करने की कोशिशों में संलिप्त रहने के लिये क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सात साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया है।

सरकार ने 22वें विधि आयोग के गठन की औपचारिक घोषणा की।

एचसीएल इन्फोसिस्टम्स ने कहा कि उसके प्रबंध निदेशक राघवन रंगराजन ने निजी कारणों के चलते इस्तीफा दे दिया है।

29-02-2020

वर्ष 2019 में दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी शहरों की कुख्यात सूची में दिल्ली शीर्ष स्थान पर है। 'आईक्यूएयर एयर विजुअल' द्वारा तैयार 2019 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व के 30 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में 21 भारत के हैं।

भारत औरअमेरिका ने तीन अरब डॉलर के रक्षा सौदे को अंतिम रूप दिया और स्वास्थ्य तथा तेल क्षेत्र सहित तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

मध्यप्रदेश देश में वाहनों का यूनिफाईड पंजीयन कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बन गया है।

ऋण संबंधी सूचनाएं देने वाले सबसे बड़े ब्यूरो ट्रांस यूनियन सिबिल ने एचडीएफसी बैंक के राजेश कुमार को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक जिन्होंने 1981 से 2011 की क्रांति तक देश पर शासन किया था, उनका 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

मास्टरकार्ड ने कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी माइकल माइबैश को नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर नामित किया है। माइबैश मौजूदा मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय बंगा का स्थान लेंगे। उनका कार्यकाल 2021 से शुरू होगा।

भारतीय मूल की सांसद सुजेला ब्रावरमैन ने लंदन के रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस में एक समारोह में यूनाइटेड किंगडम के अटॉर्नी जनरल के रूप में शपथ ली।